कोटद्वार, रविवार
30 मार्च 2025
वर्षः 46
अंकः 311 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979 ज संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पंखे से लटका मिला युवक का शव

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शिवराजपुर क्षेत्र में एक युवक ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, शिवराजपुर निवासी सोनू 27 वर्ष ने अपने कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। स्वजनों ने बताया कि दोपहर का खाना खाने के बाद सानू अपने कमरे में चला गया। रात का खाना खाने के लिए सोनू का आवाज दी। लेकिन, सोनू ने दरवाजा नहीं खोला। स्वजनों ने जब खिड़की से अंदर देखा तो सोनू पंखे से लटका हुआ था। स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सोनू को पंखे से नीचे उतार राजकीय बेस चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया।

### चैत्र नवरात्र आज से, मंदिरों में सभी तैयारियां पूरी

रुद्रप्रयाग। आज से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर जनपद में सभी मंदिरों में तैयारी पूरी हो गई है। जबकि घरों में भी लोगों ने नवरात्र की तैयारियां कर दी है। भक्तों में भी इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर उत्साह का माहौल है। जनपद में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ कालीमठ, मठियाणाखाल, कालीशिला, नारी देवी, उफराई देवी, चामुंडा देवी एवं हरियाली देवी, राकेश्वरी देवी सहित कई देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की तैयारियां पूरी हो गई है। मंदिर प्रशासन द्वारा भक्तों के आने और दर्शन के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की है। साथ ही पूजा अर्चना को लेकर भी व्यवस्थाएं की है। मंदिरों में भक्तों से आह्वान किया गया है कि मंदिरों की मर्यादा और परम्परा के अनुसार यहां पूजन करें। कालीमठ में प्रत्येक दिन महाकाली के साथ ही मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, गौरीशंकर, भगवान शिव एवं क्षेत्रपाल की भी विशेष पूजा अर्चना की जाती है। जबकि मठियाखाल, कालीशिला, हरियाली देवी, दक्षिण काली, चामुंडा माई, उफराई देवी सहित अनेक मंदिरों में भी मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है। आज से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर भक्तों में उत्साह है। मंदिर एवं घरों में हरियाली रोपण के साथ नवरात्र का शुभारंभ किया जाएगा। कालीमठ के पुजारी जयप्रकाश गौड ने बताया कि नवरात्र पर्व को लेकर कालीमठ में मंदिर में उत्साह है। मंदिर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### त्रिवेंद्र ने अधिकारी पर जो टिप्पणी की, वह सही नहीं हैः हरीश

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अवैध खनन मामले में सचिव खनन का बयान सामने आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की टिप्पणी का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि जिस असम्मान तरीके से उन्होंने अपनी बात कही, उसमें कुत्सित भावना दिखती है। भाजपा और उसके नेता प्रेम चंदी अहंकार से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह त्रिवेंद्र के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। शनिवार को अपने आवास से निकलते हुए मीडिया से मुखातिब हुए पूर्व सीएम रावत ने कहा कि त्रिवेंद्र ने अधिकारी पर जो टिप्पणी की, उसे कतई सही नहीं कहा जा सकता है। हम मुख्यमंत्री रहे हैं, जिन अधिकारियों ने हमारे साथ काम किया है, हमारे मन में उनके लिए सम्मान का भाव होना चाहिए। जबकि त्रिवेंद्र के बयान से अहंकार झलकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रेमचंद की ही जीभ नहीं रपटी है, त्रिवेंद्र की भी रपटी है, यह रपट निंदनीय है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अवैध खनन की बात दिल्ली से लेकर देहरादून तक उठ रही है, लेकिन कोई संज्ञान लेने को तैयार नहीं है। नदियों के पाट और गदेरे और खुदने लगे हैं। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र ने उच्च सदन में यह मुद्दा उठाया, अच्छी बात है, लेकिन उसके बाद उनका जो बयान आया, वह निंदनीय है।

### तीन दिन से लापता युवक की संदिग्ध मौत

चम्पावत। पाटी ब्लॉक के जनकांडे गांव के एक युवक का शव संदिग्ध हालात में पोखरी के जंगल से बरामद हुआ है। युवक 27 मार्च की शाम से लापता था। परिजनों ने पाटी थाने में युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोहाघाट पुलिस को शनिवार को पोखरी, धूनाघाट के जंगल में एक युवक का शव मिलने की जानकारी मिली।

## भारत ने म्यांमार को 15 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से की बात, कहा– मुश्किल वक्त में भारत साथ खड़ा है**



नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।म्यांमार और पड़ोसी थाईलैंड में शुक्रवार को उच्च तीव्रता वाला भूकंप आया, जिससे इमारतें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए। म्यांमार में कम से कम 1,002 लोगों की मौत हुई।

भारत ने शनिवार को म्यांमार को 15 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि ह्यऑपरेशन ब्रह्माह्न के हिस्से के रूप में, भारत ने शुक्रवार के भीषण भूकंप से प्रभावित म्यांमार के लोगों की सहायता के लिए पहले प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में काम किया। टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, भोजन के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और जरूरी दवाओं सहित 15 टन राहत सामग्री की हमारी पहली खेप यांगून पहुंच गई है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विनाशकारी भूकंप पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर लिखा, म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों से तैयार रहने को कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने को कहा है।

### किशोरी से दुष्कर्म में रिश्ते के चाचा को 20 साल के कारावास की सजा

देहरादून। न्यायालय ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में रिश्ते के चाचा को 20 साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पोक्सो/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अर्चना सागर की कोर्ट ने शुक्रवार को पांच साल पुराने मामले में सुनवाई की। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अल्पना थापा ने बताया कि 17 जुलाई 2020 को एक व्यक्ति ने कैंट थाने में अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म की तहरीर दी थी। आरोप था कि 17 जुलाई की सुबह उसका रिश्ते का भाई उसकी बेटी को जबरन अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और 19 जनवरी 2021 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट में किशोरी ने बताया कि आरोपी पहले भी उसके साथ दुष्कर्म कर चुका था। 17 जुलाई को वो उसे जबरन साईकल पर बैठकर जंगल में ले गया था। दुष्कर्म के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। जाते-जाते उसने मुहं खोलने पर जाने से मारने की धमकी दी। किशोरी जंगल से किसी तरह घर पहुंची और आपबीती मां को सुनाई।

## वीकेंड और शनि अमावस्या पर हरिद्वार में उमड़ा यात्रियों का सैलाब



हरिद्वार। वीकेंड और शनि अमावस्या पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। गंगा घाटों के साथ बाजारों में बड़ी संख्या में यात्री नजर आए। श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत अन्य गंगा घाटों डुबकी लगाई और शनिदेव की पूजा अर्चना करके दान किया। शनि अमावस्या पर बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों के श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। सुबह से दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा आदि प्रदेशों से श्रद्धालुओं का यहां आना शुरू हो गया था। हाईवे पर अन्य दिनों की अपेक्षा यातायात का भारी दबाव देखने को मिला। जैसे जैसे दिन चढ़ा हरकी पैड़ी समेत प्रमुख गंगा घाटों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ती गई। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के बाद मंदिरों के दर्शन किए। मायापुर में नारायणी शिला में भी पित्र पूजन के लिए श्रद्धालु उमड़े।

## शहरों में होगा देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क का निर्माण : धामी

### लाभार्थियों को वितरित किये चेक, महालक्ष्मी किट और कृषि यंत्र




जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सर्वे स्टेडियम, देहरादून में राज्य सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन साल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने जन समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए बहुउद्देशीय शिविर का अवलोकन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाथीबड़कला से सर्वे स्टेडियम तक भव्य रोड शो में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य स्थापना वर्ष के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के शहरों में देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट कार्ड लिंकेज के चेक, लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट और कृषि यंत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य पूर्ण कर जल्द ही पहाड़ों में रेल का सपना साकार करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, उड़ान योजना के माध्यम से देहरादून, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, गौचर और पिथौरागढ़ सहित प्रदेश के लगभग 12 नगरों के लिए हेली सेवाएं प्रारंभ होने से राज्य की एयर कनेक्टिविटी मजबूत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। साथ ही देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदी के ऊपर फोरलेन एलिवेटेड रोड का निर्माण करने की योजना भी तैयार की जा रही है। देहरादून में 1400 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। शहर में स्मार्ट स्कूलों की स्थापना करने के साथ ही लैंसडाउन चौक पर 650 पाठकों की क्षमता वाली अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। एक ओर जहां, शहर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है, वहीं निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 11 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण भी किया जा रहा है।

### खाई में गिरने से एक की मौत

नई टिहरी। ऋषिकेश–बदरीनाथ राजमार्ग पर तोताघाटी में किसी बात को लेकर हुई तकरार व धक्का मुक्की में दो लोग सड़क से नीचे खाई में गिर गए। जिसमें एक व्यक्ति को गहरी चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरा व्यक्ति मामूली चोटिल होने से घटना स्थल से निकल गया। मृतक आंचल डेयरी चमोली में कार्यरत था, जो छुट्टी के बाद हरिद्वार से वापस लौट रहा था। थाना प्रभारी एमएस रावत ने बताया कि बीती शाम पुलिस को तोता घाटी स्थित सफेद पहाड़ी के निकट खाई में दो लोगों के गिरने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को यहां एक व्यक्ति खाई में मृत मिला। शव को खाई से निकाल कर पुलिस ने श्रीनगर बेस अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान सोहनवीर (48) निवासी नारसन कलां थाना मंगलौर जिला हरिद्वार के रूप में हुई।

वहीं दूसरा व्यक्ति पुलिस को घटना स्थल पर नहीं मिला। पुलिस का अनुमान है कि दूसरा व्यक्ति अधिक चोटिल नहीं था और वह घटना स्थल से निकल गया। थाना प्रभारी के मुताबिक मृतक सोहनवीर आंचल डेयरी चमोली में काम करता था, जो छुट्टी के बाद अपने घर से वापस चमोली लौट रहा था।


## नवरात्र की खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़



ऋषिकेश, चैत्र नवरात्र को लेकर तीर्थनगरी ऋषिकेश के बाजार सज गए हैं। दुकानें मां की चुनरी, नारियल, पूजा सामग्री से गुलजार हो गईं हैं। रविवार से शुरू होने वाले नवरात्र को लेकर खरीदारी शुरू हो गई है। इससे बाजारों में चहल–पहल भी बढ़ गई है। पूजन सामग्री खरीदने के लिए दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं देवी मंदिरों पर नवरात्र को लेकर तैयारियां हो चुकी हैं और मंदिर भी सज चुके हैं। तीर्थनगरी में नवरात्र की रौनक घरों में ही नहीं, बल्कि मंदिरों और बाजार में भी देखी जा सकती है। नवरात्र 30 मार्च रविवार से शुरू हो रहे हैं। कलश स्थापना रविवार सुबह की जाएगी। मान्यता है कि अगर भक्त संकल्प लेकर नवरात्र में अखंड ज्योति प्रज्जवलित करें और उसे पूरी भावना और मन से जलाएं रखें तो देवी प्रसन्न होती हैं और उसकी सभी मनोकामना पूर्ण करती हैं। ऋषिकेश के सुभाष चौक, घाट रोड़, मुखर्जी मार्ग, झंडा चौक, क्षेत्र रोड़ समेत अन्य बाजारों में पूजा सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं। पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लोंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री खरीद रहे हैं। नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज किया जाता है, इसलिए बाजार में कुट्टू, फल, व्रत के अन्य सामानों की भी दुकानें सज गई है। दुकानदार त्रिवेणी घाट के दुकानदार रूपेश अग्रवाल, अमरेश, सुभाष चौक के दुकानदार गुलशन लाला ने बताया कि दुकानों पर नवरात्र को लेकर ग्राहकों की भीड़ बढ़ी है।

## ईद पर दिल्ली और मुंबई में हो सकते हैं हिंदू–मुस्लिम दंगे

**● बम विस्फोट की भी चेतावनी, प्रशासन में मचा हडकंप**




नई दिल्ली ,ईद के दौरान दिल्ली और मुंबई में बम विस्फोट व दंगों की चेतावनी मिली है। सोशल मीडिया में एक पोस्ट के माध्यम से पुलिस को चेतावनी दी गई है। मुंबई में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पोस्ट में कहा गया है कि 31 मार्च और 1 अप्रैल को ईद के दौरान कुछ विशेष क्षेत्रों में हिंदू–मुस्लिम दंगे, आगजनी और बम विस्फोट हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पोस्ट में नवी मुंबई पुलिस के हैंडल को टैग किया गया। इसमें चेतावनी डोंगरी जैसे इलाकों को लेकर जारी की गई। कहा गया कि यहां कुछ अवैध रोहिंग्या, बांग्लादेशी या पाकिस्तानी घुसपैठियां ऐसी हरकत को अंजाम दे सकते हैं। पोस्ट के बाद नवी मुंबई में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक साइबर सेल सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने में लगा है। तकनीकी जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोंगरी इलाके में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली है।

पुलिस ने कहा कि मुंबई पुलिस के जवानों के अलावा अपराध शाखा, आतंकवाद निरोधक दस्ता और विशेष शाखा की कड़ी निगरानी में हैं। मुंबई पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि सख्त सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं। स्थिति पर बारीकी से नजर हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कानून–व्यवस्था बनी रहे। शख्स ने पोस्ट किया, ह्यमुंबई पुलिस सतर्क रहें! 31 मार्च–1 अप्रैल 2025 को ईद के दौरान कुछ अवैध रोहिंग्या/बांग्लादेशी/पाकिस्तानी घुसपैठिए, जो डोंगरी जैसे इलाकों में रहते हैं, हिंदू–मुस्लिम दंगे, आगजनी व बम धमाके कर सकते हैं।ह्न नवी मुंबई पुलिस ने पोस्ट का जवाब दिया और लिखा कि संपर्क करने के लिए धन्यवाद। कृपया अपने पोस्ट के संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपना मोबाइल नंबर भेजें। मुंबई पुलिस को चेतावनी जारी करने वाले व्यक्ति ने ही दिल्ली सरकार को भी अलर्ट किया है। उसने अपने एक्स पोस्ट में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, दिल्ली और यूपी पुलिस को टैग किया। शख्स ने लिखा कि दिल्ली सीएम, दिल्ली पुलिस और यूपी पुलिस कृपया सतर्क रहें! 31 मार्च–1 अप्रैल 2025 को ईद के दौरान कुछ अवैध रोहिंग्या/ बांग्लादेशी/ पाकिस्तान मुसलमान चांदनी चौक, जामा मस्जिद, जहांगीरपुरी में हिंदू–मुस्लिम दंगा या बम धमाके कर सकते हैं।

### मुझे गलत फंसाया गया, सैफ अली खान पर हमला करने वाले ने किया दावा; कोर्ट से लगाई गुहार

मुंबई , सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई सेशन कोर्ट में याचिका फाइल की है। आरोपी ने दावा किया है कि उसने कोई अपराध किया ही नहीं। उसका कहना है कि उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और उसे फंसाने के लिए केवल साजिश रची गई है। इस्लाम के वकील ने कहा की उनके क्लाइंट के खिलाफ झूठा केस दर्ज किया गया है। वह किसी भी अपराध में कभी शामिल नहीं रहा है। वकील का कहना है कि शरीफुल इस्लाम ने अब तक की जांच में सहयोग किया है। याचिका में यह भी कहा गया कि जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्डिंग समेत सभी सबूत इक्ा कर लिए हैं। ऐसे में ऐसी भी संभावना नहीं है कि आरोपी सबूतों से छेड़छाड़ करेगा। इस्लाम पर आरोप है कि वह 16 जनवरी की रात को डकैती के इरादे से सैफ अली खान के घर में घुस गया था। उसने सैफ अली खान और उनकी मेड गीता पर हमला किया। आरोप है कि इस्लाम ने डंडे और हेग्जा ब्लेड से हमला किया था। घटना के बाद सैफ अली खान को गंभीर चोटें आई थीं। सैफ अली खान के स्टाफ के ही एलिमा फिलिप के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था। बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट में यह केस चल रहा है।

## सरकार का बड़ा फैसला, नशा तस्करों को अब मिलेगा मृत्युदंड



शिमला , नशे के खात्मे के लिए एक तरफ जहां पंजाब सरकार सख्त कदम उठा रही है तो वहीं दूसरी तरफ हिमाचल सरकार ने भी प्रदेश में नशा रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने नशा तस्करों को मृत्युदंड देने पर मुहर लगा दी है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने नशे की लत में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए दो विधेयक पारित कर दिए। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण एवं नियंत्रण विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसमें नशे के सौदागरों को न केवल आजीवन कारावास, बल्कि मृत्युदंड का भी प्रविधान किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में इसे सदन में पेश किया था। जिसके बाद अब इस पर चर्चा की गई और पारित कर दिया गया। इसमें 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का भी प्रविधान किया गया है। माना जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश ऐसा प्रविधान करने वाला पहला राज्य है। विधेयक के अनुसार ऐसी दवाओं, जिनसे नशे की लत लग सकती है, के परिवहन, आपूर्ति तथा इन्हें रखने की स्थिति पकड़े जाने पर उक्त कानून के प्रविधानों के मुताबिक सजा मिलेगी। इसके अलावा अवैध खनन, वन्य जीवों की तस्करी, मानव तस्करी, झूठे दस्तावेजों के साथ कोई काम करना, मानव अंगों की तस्करी, खतरनाक पदार्थों की डंपिंग तथा बौद्धिक वस्तुओं की जालसाजी के मामले में भी हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण एवं नियंत्रण कानून के प्रविधानों के तहत सजा मिलेगी। संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य अथवा सिंडिकेट द्वारा हिंसा करने पर किसी की मृत्यु होने पर आजीवन कारावास अथवा मृत्यु दंड हो सकेगा। सिंडिकेट के सदस्यों द्वारा नशे अथवा अन्य अवैध तरीकों से अर्जित संपत्ति की कुर्की होगी। सरकार इस संपत्ति को जब्त कर सकती है। सरकार ने शिक्षण संस्थानों के 500 मीटर के दायरे में तंबाकू अथवा अन्य नशीली दवाएं या पदार्थ बेचने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। पहले 100 मीटर के दायरे में ही इस तरह के पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध था।

## पत्नी का मुंह बंद कर पेट में घोंपा चाकू

### फिर पत्नी से बातें करता रहा पति, जिंदा ही सूटकेस में ठूंसा



नई दिल्ली , बेंगलुरु से एक दिल दहला देने वाली घटना पिछले दिनों सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव को सूटकेस में छिपाया। इस मामले को लेकर कई और खुलासे हुए है।जानकारी में सामने आया कि यह मामला पहले आवेश में की गई हत्या माना जा रहा था। आरोपी राकेश ने अपनी पत्नी को थप्पड़ मारा, उसका मुंह बंद किया और चाकू से गले व पेट में वार किए। राकेश ने अपनी 32 वर्षीय पत्नी गौरी अनिल संबरेकर को घरेलू विवाद के दौरान चाकू से गोदकर मार डाला। पुलिस जांच में सामने आया कि उसने गौरी को जिंदा रहते हुए ही सूटकेस में डालने की कोशिश की थी, लेकिन सूटकेस का हैंडल टूट जाने के कारण वह उसे घर से बाहर नहीं ले जा सका। बाद में उसने शव को बाथरूम में खींचकर रखा। इतना ही नहीं, उसने शव को पानी की निकासी वाली जगह पर रखा ताकि खून आसानी से गटर में चला जाए। फॉरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि गौरी उस समय तक जीवित थी, जब उसे सूटकेस में बंद किया गया। सूटकेस में म्यूकस के निशान मिले, जो इस बात का संकेत देते हैं कि वह मृत नहीं थी।

बता दें कि राकेश और गौरी एक महीने पहले मुंबई से बेंगलुरु आए थे। राकेश को एक आईटी कंपनी में वर्क–फ्रॉम–होम नौकरी मिल गई थी, जबकि गौरी नई नौकरी की तलाश में थी। बुधवार रात दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद राकेश ने गौरी को थप्पड़ मार दिया। जवाब में गौरी ने रसोई का चाकू उठाकर उस पर फेंक दिया, जिससे उसे हल्की चोट लगी। गुस्से में आकर राकेश ने गौरी के गले और पेट में चाकू से वार कर दिया। पुलिस के अनुसार, गौरी ने बचाव के लिए संघर्ष किया था, जिसके निशान राकेश के शरीर पर पाए गए। हत्या के बाद राकेश ने घर की सफाई की और शव को सूटकेस में डालकर ठिकाने लगाने की योजना बनाई, लेकिन असफल रहा। इसके बाद उसने घर में ताला लगाकर रात 12:45 बजे अपनी होंडा सिटी कार से फरार हो गया। फरार होने के बाद राकेश ने अपने मोबाइल फोन को बंद कर दिया और पुणे के पास शिरवल पहुंचकर दोबारा चालू किया। वहां से उसने गौरी के भाई गणेश अनिल संबरेकर को फोन कर हत्या की बात बताई और फिर फोन बंद कर दिया। गणेश ने महाराष्ट्र पुलिस को सूचना दी, जिसने बेंगलुरु पुलिस को जानकारी दी। बेंगलुरु पुलिस जब राकेश के घर पहुंची तो ताला लगा हुआ था। जब दरवाजा तोड़ा गया, तो उन्हें अंदर कोई फांसी पर लटका नहीं मिला, बल्कि बाथरूम में रखे सूटकेस में गौरी का शव बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस लोकेशन ट्रैक कर शिरवल पहुंची, जहां राकेश ने फिनाइल और कीटनाशक पीकर आत्महत्या की कोशिश की थी।

### हीमोफीलिया मरीजों के लिए कारगर होगा एक इंजेक्शन

देहरादून। कोरोनेशन अस्पताल में फैक्टर आठ इन्हींबिटर मरीजों को नॉन फैक्टर थेरेपी, इमिकिजुमैब के इंजेक्शन लगाए गए। इसमें शुरुआत में गढ़वाल के मरीजों को लिया गया है। चमोली, टिहरी गढ़वाल, पिथौरागढ़, हरिद्वार, रूडकी, दून के कई मरीजों को पहली डोज लगाई गई। इस नॉन फैक्टर थेरेपी का असर डोज के हिसाब से एक हफ्ते से एक महीने तक रहता है। अगर पीड़ित ध्यान रखे तों वर्ष में जीरो ब्लीडिंग तक पहुंच सकता है। अभी यह इंजेक्शन केवल इन्हींबिटर केस में छोटे बच्चों को ही दिया गया है। डॉ. ज्योति पाठक ने इसको हीमोफिलिया के इलाज में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सचिव हीमोफिलिया सोसाइटी दीपक सिंघल ने कहा कि पीड़ितों के लिए सरकार का यह बड़ा महत्वपूर्ण कदम है।

## गंगा में नहा रहे थे पांच दोस्त, तेज बहाव की चपेट में आए

### चार को बचाया – एक लापता

ऋषिकेश। मुनिकीरेती थाना के अंतर्गत सच्चा धाम घाट के समीप पांच दोस्त नहाते हुए गंगा के तेज बहाव की चपेट में बह गए।

बोट संचालकों की मदद से चार को बमुश्किल बचा लिया गया, लेकिन हरियाणा निवासी एक युवक का पता नहीं चल सका है। एसडीआरएफ युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान चला रही है।

**सच्चा धाम आश्रम के पास नदी में नहा रहे थे पांचों**

पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार शाम 3.30 बजे की है। सच्चा धाम आश्रम के समीप घाट पर नरोत्तम (20) पुत्र दुष्यंत निवासी ग्राम खैरा थाना महेंद्रगढ़, जिला–महेंद्रगढ़ हरियाणा, पीयूष पुत्र धर्मेंद्र निवासी ग्राम–खायरा थाना–महेंद्रगढ़ जिला–महेंद्रगढ़, आयुष पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी कंकरखेड़ा सैनिक विहार थाना कंकरखेड़ा मेरठ उत्तर प्रदेश, आदित्य पुत्र जयसिंह निवासी पिलानी जिला–झुंझुनू राजस्थान व आर्यन पुत्र वीर सिंह निवासी चिडावा ओजटू, जिला–झुंझुनू राजस्थान गंगा नदी में नहा रहे थे। इस दौरान पांचों युवक गंगा के तेज बहाव की चपेट में आ गए। आसपास के लोगों के चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ दूरी पर मौजूद बोट संचालक अंकुर कुकरेजा की नजर डूब रहे युवकों पर पड़ी। उन्होंने बोट कर्मियों को स्पीड बोट में रेस्क्यू करने को भेजा।

## एक नजर

### सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान का विरोध

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की ओर से खनन सचिव को लेकर दिए गए बयान का शैलशिल्पी विकास संगठन ने विरोध किया है। कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को अनुसूचित जाति के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोकसभा में प्रदेश की विभिन्न नदियों में हो रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाया था। इस संबंध में जब मीडिया ने खनन सचिव वृजेश कुमार संत से सवाल पूछे तो उन्होंने अवैध खनन की बात से इंकार किया। बताया कि इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने खनन सचिव वृजेश कुमार संत को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। बताया कि वृजेश कुमार संत अनुसूचित जाति से आते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति के लोगों का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### शहर में सिटी बस संचालन की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड विकास समिति ने कोटद्वार में सिटी बस संचालन की मांग उठाई है। कहा कि परिवहन निगम के माध्यम से बस का संचालन किया जाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि कोटद्वार शहर में लगातार बढ़ रही जनसंख्या को देखते हुए यहां सिटी बस का संचालन किया जाना चाहिए। समिति लगातार परिवहन निगम की सिटी बस संचालन की मांग उठा रही है। कहा कि वर्तमान में सरकार के बेड़े में बसों की कोई कमी नहीं है। ऐसे में सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। जनता के हित को लेकर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है।

### स्कूली बच्चों को दी छात्रवृत्ति

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रत्याश घिल्डियाल फाउंडेशन की ओर से रिखणीखाल के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस दौरान सदस्यों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय कंडिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न स्कूलों के 37 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। साथ ही फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र घिल्डियाल ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व उनके पुत्र प्रत्याश की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। अपने पुत्र की स्मृति में गरीब व मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। इस मौके पर फाउंडेशन की सुजाता घिल्डियाल, बीडीओ रिखणीखाल देवेश पंत, नायब तहसीलदार मोहित देउबा, ग्राम प्रधान भारत सिंह नेगी, प्रधानाचार्या श्वेता शर्मा, भुवनेश घिल्डियाल आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 75 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की हुई जांच

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : दिव्या फाउंडेशन एंड आयुर्वेदिक चिकित्सा ट्रस्ट की ओर से ग्राम धौड़ा, नौगांव, मलेठी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिमसें 75 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क दवाएं भी दी गई। शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। ग्रामीणों के शुगर, चर्म रोग सहित अन्य बीमारियों की जांच हुई। इस मौके पर डा. भूमेश्वरी शर्मा, डा. राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# शहर में निकाली सांस्कृतिक झांकी, मोहा मन

### हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से पूर्व निकाली गई झांकी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शनिवार को हिंदू नव वर्ष चैत्र शुल्क प्रतिपदा से पूर्व शहर में भव्य सांस्कृतिक झांकी निकाली गई। झांकी में मौजूद स्कूली बच्चों व कीर्तन मंडली से जुड़ी महिलाओं ने संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। भारतीय नव वर्ष अभिनंदन समारोह समिति के नेतृत्व में हिंदू पंचायती धर्मशाला से बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह तक सांस्कृतिक झांकी निकाली गई। झांकी में मौजूद महिलाएं पहाड़ी परिधान पहनकर सिर में कलश लेकर चल रही थी। इसके उपरांत प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। इसलिए हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। कहा कि नव संवत्सर सनातन संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टि की रचना हुई थी। कार्यक्रम के दौरान कीर्तन मंडली व स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर महासचिव चंद्रप्रकाश नैथानी, डा. पदमेश बुड़ाकोटी, महानंद ध्यानी, पंकज ध्यानी, शशि भूषण अमोली, सीपी डोबरियाल, महानंद ध्यानी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा में शामिल महिलाएं

### ग्रामीण ने लगाया पेयजल कनेक्शन न देने का आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अयाल गांव के एक ग्रामीण ने उनको जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कनेक्शन नहीं देने का आरोप लगाया है।

शनिवार को अयाल गांव के ग्रामीण कुलदीप कुमार ने जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य किया गया, जिसके तहत ग्रामीणों को पेयजल कनेक्शन दिए गए, लेकिन उनको कनेक्शन नहीं दिया गया। कहा कि उनके पास अभी तक कोई पेयजल कनेक्शन नहीं है। उन्होंने जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता से उन्हें पेयजल कनेक्शन देने की मांग की। उधर, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एसके रॉय का कहना है कि योजना के तहत सभी ग्रामीणों को पेयजल कनेक्शन दिए जा रहे है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर सजे मंदिर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : रविवार से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई है। रामलीला मैदान में स्थित सियाराम मंदिर व अछरीखाल स्थित वैष्णों देवी मंदिर में नवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं, रामलीला समिति द्वारा रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष उमाचरण बड़थ्वाल ने बताया कि 6 अप्रैल रामनवमी को सियाराम मंदिर में हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण, नगर में झांकी भ्रमण कर रामनवमी उत्सव का समापन किया जाएगा। वैष्णो देवी मंदिर समिति अछरीखाल के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि रविवार से शुरू होने वाले नवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया कि नवरात्रि पर मंदिर में नित्य चंडी पाठ, रुद्री पाठ, महाविद्या पाठ, धार्मिक अनुष्ठान, रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। बताया कि 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन यज्ञ पूजन में विशाल मेले व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं, रामलीला समिति द्वारा रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रथम नवरात्रि को हरियाली घट स्थापना, देवी उपासना, पूजा-अर्चना की जाएगी। हर नवरात्रि को सिया राम मंदिर में कीर्तन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा और संध्या में देवी पाठ के बाद आरती की जाएगी। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष मनोज रावत अंजुल, सचिव राम सिंह रावत, विक्रम गुसांई, गिरीश बड़थ्वाल, वीरेंद्र खंकरियाल, रघुवीर सिंह रावत, सुबोध रावत, ललित चिटकारिया, सुशील बहुगुणा, नवीन मियां आदि मौजूद थे।


## NOTICE

BIRENDRA SINGH ( existing name of father as per NOK ) of no. 4098751 N rank L/NK name DEEPAK RANA resident of Vill- Kumbhichaur, Po- Kumbhichaur, Teh- Kotdwar, Distt- Pauri Garhwal State Uttarakhand, Pin Code 246149 that I have changed my name from BIRENDRA RANA (name of father as service docu) to BIRENDRA SINGH (proposed new name of father) vide affidavit dated 22 feb 2025 before kotdwar (name and place of the court) my date of birth is 08 may 1970.

(0834/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम अमायरा दर्ज हो गया है। मैं जन्म प्रमाण पत्र में अपनी पुत्री का नाम कामाक्षी नेगी दर्ज करवाना चाहती हूं। अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम कामाक्षी नेगी दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**मीनाक्षी नेगी पत्नी अन्तरिक्ष नेगी निवासी शिवपुर, वार्ड नंबर 18, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0832/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम भूलवश लव रावत दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम लक्षित रावत है।

अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम लक्षित रावत दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**उपेन्द्र सिंह रावत पुत्र स्व. कल्याण सिंह रावत निवासी पदमपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0833/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम अनिरूद्ध थपलियाल दर्ज है, जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अक्षिव थपलियाल है।

अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अक्षिव थपलियाल दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**अरविन्द कुमार पुत्र स्व0 गोविन्दराम निवासी शांता विहार, पदमपुर सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0835/21)


# एलयूसीसी के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

श्रीनगर गढ़वाल : एलयूसीसी कंपनी घोटाले की जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर निवेशकों, एजेंटों के शनिवार को पीपलचौरी में जारी दसवें दिन के धरने में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस गणेश गोदियाल, नगर कांग्रेस कमेटी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर समर्थन दिया।

धरना देने के बाद महिलाओं ने पीपलचौरी चौराहे से मुख्य बाजार तक आक्रोश रैली भी निकाली। महिलाओं ने जो हमारा भुगतान करेगा वो ही देश पर राज करेगा.. के नारों से जमकर प्रदर्शन किया। निवेशक महिलाओं ने अपनी व्यथा को आमजनता के सामने रख न्याय की गुहार लगाई और जल्द सरकार से दोषियों पर कार्यवाही की मांग कर जमा पूंजी को वापस किये जाने की बात कही। धरने को समर्थन देने पहुंचे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आम लोग एलयूसीसी सहकारी समिति से ठगे गए हैं जबकि सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

कहा कि डॉ. धन सिंह ने पहले तो कहा कि कंपनी रजिस्टर नहीं है फिर उन्होंने जनवरी 2017 में कंपनी के रजिस्ट्रेशन की बात कही और अब वह 2022 में कंपनी के खिलाफ भारत सरकार को अवगत कराने की बात कह रहे हैं। कहा कि क्यों 2022 से अभी तक सहकारिता मंत्री ने मामले पर एक्शन नहीं लिया। उन्होंने कंपनी के साथ सहकारिता मंत्री के संबंधों की जांच की मांग भी की। महिलाओं को जब तक न्याय नहीं मिलता सरकार के खिलाफ आवाज उठती रहेगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, सुरेंद्र चौहान, पार्षद सूरज नेगी, लाल सिंह नेगी, मीना रावत, आंचल राणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

### धूमधाम के साथ मनाया गया राजकीय इंटर कालेज पाली का वार्षिकोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज पाली (लंगूर) का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

विद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव का संकुल प्रभारी बीना बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर आयोजित वार्षिकोत्सव छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करते हैं। जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और व्यक्तित्व का संतुलित विकास होता है। विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व ग्राम प्रधान सरदार सिंह बिष्ट ने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। प्रधानाचार्य अनूप कुमार डबराल ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विविध आंचलिक एवं भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर पीटीए अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह रावत, एसएमसी अध्यक्ष युद्धवीर सिंह बिष्ट, ग्राम प्रशासक नीलम देवी (जमेली), किरण देवी (धारी) व सुनीता देवी (भैड़गांव), सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रेखा रावत व आरिफ ने संयुक्त रूप से किया।



राजकीय इंटर कालेज पाली (लंगूर) में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं

# विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए बिजनेस आईडियाज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में उच्च शिक्षा विभाग व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान की ओर से आयोजित उद्यमिता विकास कार्यशाला (ईडीपी) का शनिवार को समापन हो गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा बिजनेस आईडियाज की प्रस्तुति एवं भारत सरकार के एमएसएमई. पोर्टल पर उद्यम रजिस्ट्रेशन किया गया।

कार्यक्रम की का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) डीएस नेगी, महाविद्यालय उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. एसके गुप्ता एवं कार्यक्रम समन्वयक मनीष राणा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में कार्यक्रम समन्वयक मनीष राणा द्वारा 15 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एम.एस.एम.ई.) के पोर्टल पर ऑनलाइन उद्यम रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा अपने बिजनेस आईडियाज प्रस्तुत किए गए। जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा आंगनवाड़ी गवर्नमेंट मर्चेंट एजुकेशन पर कुलदीप सिंह के बिजनेस आइडिया को प्रथम स्थान, स्वाति एवं पूनम के कृषि पॉलीहाउस के बिजनेस आइडिया को द्वितीय स्थान, क्लाउड किचन पर प्रस्तुत तनीषा ठाकुर के बिजनेस आइडिया को तृतीय स्थान प्रदान किया। प्रेरणा, महिमा अग्रवाल एवं आंचल के बुक कैफे पर प्रस्तुत किए गए बिजनेस आइडिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. एसके गुप्ता ने 12 दिवसीय उद्यमिता कार्यक्रम की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि विगत 12 दिवसों में विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को सैद्धांतिक व्याख्यानों के साथ-साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण के अंतर्गत हैंडीक्राफ्ट उत्पाद जैसे बांस से लैंप, ट्रे, बास्केट, फैब्रिक ज्वेलरी बनाना, जूट के बैग बनाना, घरेलू अनुपयोगी सामग्री से सजावटी सामान बनाने, डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने तथा मार्केट सर्वे के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटकर मेडिकेयर, ब्यूटी पार्लर, बेकरी, कॉमन सर्विस सेंटर, रेडीमेड गारमेंट्स, मोबाइल शॉप्स तथा हैंडीक्राफ्ट की दुकानों के मार्केट सर्वे का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दसवें दिन फील्ड विजिट के दौरान छात्र-छात्राओं को रामपुर, कुंभीचौड़, कोटद्वार में स्थित ऑर्गेनिक फार्म में ले जाकर पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, पोली हाउस से सब्जी एवं फलों का उत्पादन, जर्मन शेफर्ड कुत्ता पालन तथा गोमूत्र से जीवामृत बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर डा. प्रियंका अग्रवाल द्वारा किया गया। डॉ. सरिता चौहान, डॉ. सुनीता नेगी एवं डॉ. मीनाक्षी वर्मा आदि मौजूद रहे।



आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

# आबादी में पहुंच रहे हाथियों से निजात की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र में हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। आए दिन हाथी आबादी में पहुंचकर काश्तकारों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। ऐस में संयुक्त समाजसेवी संगठन ने उपजिलाधिकारी से हाथियों को आबादी में रोकने के लिए योजना बनाने की मांग की है।

इस संबंध में सदस्यों ने पार्षद अनिल रावत के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। संयुक्त समाजसेवी संगठन के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत व अन्य काश्तकारों का कहना था कि क्षेत्र के अधिकांश परिवार खेती पर निर्भर हैं। लेकिन, आए दिन हाथी उनकी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अभी तक हाथियों के झुंड ने काश्तकारों की सैकड़ों बीघा में खड़ी गेंहू की फसल को बर्बाद कर दिया है। जिससे काश्तकारों के सम्मुख रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। काश्तकारों ने कहा कि हाथियों ने काश्तकारों के बगीचों में आम, लीची, अमरूद, आंवला के पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचा दिया है। उन्होंने जंगली जानवरों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों की गश्त बढ़ाने, क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हाथी सुरक्षा दीवार की मरम्मत करने की मांग की है। काश्तकारों ने कहा कि बंदरों के आतंक से लोग परेशान है। आए दिन बंदर लोगों के घर के आंगन तक पहुंच रहे है। बंदर घरों के आंगन में उगी साग सब्जी को भी चट कर जा रहे है। ज्ञापन देने वालों में महानंद ध्यानी, सुल्तान सिंह रावत, वाचस्पति बहुखंडी, हरेंद्र रौतेला, सुदर्शन कोटनाला, प्रदीप सिंह, आलम सिंह मौजूद रहे।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते काश्तकार

### मोबाइल के युग में बच्चों पर विशेष ध्यान दें : चौहान

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : नगर पंचायत सतपुली स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जितेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि मोबाइल के इस युग में बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए और यह देखें कि बच्चे गलत दिशा में न भटके। उन्होंने स्कूल को 5 कम्प्यूटर देने की घोषणा की। शनिवार को स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में एलकेजी, यूकेजी सहित सभी कक्षाओं के नन्हे-मुन्हें बच्चों द्वारा सुन्दर प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही नाटक के माध्यम से भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के दो टॉपर जिसमें 1 से 5 तक पीयूष नेगी के 99.8 फीसदी और 6 से 9 तक प्रिंस बिष्ट क्लास 8 के 99.35 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रबंधक गिरीश खुगशाल, प्रधानाध्यापिका मीना लिंगवाल, मुकेश कुमार, मंजू खुगशाल, सुनीता लखेडा, मीना, मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

### नवरात्रों के लिए सजे मंदिर

श्रीनगर गढ़वाल : चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्रीनगर सहित आसपास क्षेत्रों के देवी मंदिरों में नौ दिन मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होगी। नवरात्रों को लेकर मां दुर्गा-देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से मंदिरों की सजावट की जा रही है। श्रीनगर के धारी देवी मंदिर, देवलगढ़ स्थित श्री राजराजेश्वरी मंदिर, गौरा देवी, कंसमर्दिनी मंदिर और बंगलामुखी मंदिर में नवरात्रों पर विशेष तैयारियां की गई हैं। सिद्धपीठ मां धारी देवी के पुजारी लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रों को लेकर मंदिर को सजाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। मंदिर में पूजा सुबह चार बजे शुरू होगी। हर साल की तरह श्रद्धालुओं और मंदिर समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया जायेगा। (एजेंसी)

# कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक : धामी

### मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को नव संवत्सर व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी है। चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी से नारियों के सम्मान की भी अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वेदों और पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। चैत्र नवरात्रों की प्रदेश में धार्मिक महत्ता के दृष्टिगत सभी प्रमुख देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की परम्परा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में संकल्प लेने का विधान रहता है। शक्ति के अनुष्ठान का यह पर्व रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरणा प्रदान करने वाला हो इसका हमें संकल्प लेना होगा। यह पर्व हमें नवीन उत्साह के साथ देश व समाज की सेवा की भी प्रेरणा देता है। यह नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि प्रदान करने वाला हो इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पाबौ

E Mail ID-eecdpwdpaboo@gmail.com. eecdpab.pwduk@gov.in

पत्रांकः- 442/12ए0सी0 दिनांक 22/03/2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की शील्ड निविदा दिनांक 10.04.2025 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2025 से 09.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 10.04.2025 अपरान्ह् 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाली जा सकती हैं। निविदा दिनांक 17.04.2025 को अपरान्ह् 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा विक्रय एवं प्राप्त करने वाले कार्यालयों के नाम :-
1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 12वां वृत्त लो0नि0वि0, पौड़ी। 2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पाबौ। 3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पौड़ी। 4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र-श्रीनगर के विकासखण्ड पाबौ में थानधार से उल्ली तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 35000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |
| 2 | (किमी0 1 चैनेज 0.00 से 0.500) --तदैव--किमी0 1, चैनेज 0.500 से 1.000 | 24100.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 3 | --तदैव--किमी0 2, चैनेज 1.000 से 1.500 | 32100.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 4 | --तदैव--किमी0 2, चैनेज 1.500 से 2.000 | 32000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 5 | --तदैव--किमी0 3, चैनेज 2.000 से 2.500 | 66000.00 | 2000+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 6 | --तदैव--किमी0 3, चैनेज 2.500 से 3.000 | 27000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 7 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र-चौबटटाखाल के विकासखण्ड पाबौ के अन्तर्गत किर्खू-पांग-पिनानी मोटर मार्ग से मरखोला तक अवशेष मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। (किमी0 1, चैनेज 0.00 से 0.500) | 44000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 8 | --तदैव-- किमी0 1, चैनेज 0.500 से 0.900 | 36000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में, जो अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से बंधक हो, लगाना आवश्यक है।
2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 रू0 का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीदी टिकट हो, वैधता की शर्तों के साथ लगाना अनिवार्य है, इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- किसी भी निविदा को बिना पूर्व सूचना के निरस्तीकरण/स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
4- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्लू0 9 निविदा प्रपत्र एम0एफ0 69/70 एवं शासनादेश संख्या 2611/111(2)07-75 सा0 दिनांक 26.10.2007 के अनुसार होगी, निविदा की अन्य शर्ते/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।
5- क्रम0स0 7 एवं 8 की निविदायें स्वीकृति की प्रत्याक्षा में आमंत्रित की गयी है, स्वीकृति प्राप्त न होने पर निविदायें स्वतः निरस्त समझी जायेगी, इस सम्बन्ध में निविदादाता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पाबौ**

## संक्षिप्त समाचार

### फंदे से लटका मिला नेपाली मूल के व्यक्ति का शव

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र में किराये के कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में नेपाली युवक का शव फंदे से लटका मिला। मकान मालिक ने सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात किराये के कमरे में रहने वाले नेपाली मूल के युवक ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। जब युवक के अन्य दोस्त कमरे पर पहुंचे और दरवाजा खोला तो युवक का शव फंदे से लटका मिला। मकान मालिक झाबर सिंह रावत ने बताया कि उनके यहां चार नेपाली लोग किराये पर रहते हैं।

गुरुवार को रात साढ़े आठ बजे के करीब एक किरायेदार द्वारा उन्हें सूचना दी गई कि उसके साथी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पंखे पर फंदा बनाकर नेपाली युवक लटका हुआ था। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। (एजेंसी)

### नशा नहीं, रोजगार दो अभियान

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड में नशा नहीं, रोजगार दो, काम का अधिकार दो.. अभियान के तहत जागरूकता फैलाने की पहल जारी है। 30 जनवरी को अल्मोड़ा से शुरू हुआ अभियान श्रीनगर पहुंचने पर उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि राज्य संघर्षों से प्राप्त हुआ, लेकिन वर्तमान में बेरोजगारी और राजनीतिक तानाशाही जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। समाजसेवी अनिल स्वामी ने आरोप लगाया कि नगर में नशे का व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और सरकार गांव-गांव शराब की दुकानें खोल रही है। उन्होंने कहा कि अधिक शराब बेचने वाले लोगों को राजनीति में बढ़ावा मिल रहा है, जो चिंताजनक है। अभियान से जुड़े अन्य वक्ताओं ने माफिया संस्कृति के बढ़ते प्रभाव पर भी रोष जताया और जनता से नशामुक्त समाज बनाने की अपील की। कहा कि यह अभियान नैनीताल, हल्द्वानी, बागेश्वर, कर्णप्रयाग और गोपेश्वर सहित अन्य क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा। इस मौके पर रेशमा पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### कर्मचारियों के हित में करेगें कार्य

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. एमएसएम रौथाण ने शपथ दिलाई। कुलपति ने जीते हुए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विवि हित में कार्य करने की उम्मीद जताई। बीते 26 मार्च को शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र रावत, महासचिव पद पर रविंद्र सिंह सिलवाल, सहसचिव पद पर सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष में चरण सिंह नेगी, प्रचार मंत्री में पुष्कर सिंह ने जीत दर्ज की थी। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि गढ़वाल विवि में कर्मचारी हितों के लिए कार्य किया जायेगा। जो भी कर्मचारियों की समस्या होगी उसे प्राथमिकता में रखते हुए निस्तारण किया जायेगा। (एजेंसी)

# पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य

### भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों को दिया वनाग्नि नियंत्रण करने का प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैंसडौन के तत्वावधान में एक दिवसीय वनाग्नि नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं, एनएसएस स्वयं सेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

इस माके पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. एस.पी. मधवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। हम सभी को मिलकर वन संपदा की रक्षा करनी होगी।

वन क्षेत्राधिकारी विषम दत्त जोशी के नेतृत्व में छात्रों को बांस से निर्मित बत्ता से आग बुझाने की पारंपरिक तकनीक, आग बुझाने के लिए झापा (गीला कपड़ा) और पंजी (मिट्टी डालने) के उपयोग, आधुनिक इलेक्ट्रिक ब्लोअर मशीन का संचालन, आग बुझाने के अन्य उपकरणों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रभागीय वनाधिकारी श्रीमती स्पर्श काला ने बताया कि उत्तराखंड के वन क्षेत्रों में हर वर्ष ग्रीष्मकाल में सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि आग की भेंट चढ़ जाती है। इससे न केवल वन्य जीवों को खतरा होता है, बल्कि वायु प्रदूषण और मृदा अपरदन जैसी गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं।



उन्होंने ह्यफायर फॉरेस्टह्ल मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार आम नागरिक वनाग्नि की सूचना तत्काल वन विभाग को 1926 टोल-फ्री नंबर या एप के माध्यम से दे सकते हैं। उपप्रभागीय वनाधिकारी प्रशांत हिंदवाण ने ग्रीष्मकालीन अग्नि सत्र (15 फरवरी से 15 जून) के दौरान विशेष सावधानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अवधि में वनों में सूखी पत्तियों और घास के जमाव के कारण आग लगने का खतरा अधिक होता है। ऐसे में पिकनिक मनाने वालों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए और किसी भी प्रकार का धूम्रपान या आग लगाने से बचना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. एल.आर. राजवंशी ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। महाविद्यालय परिवार वन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान दीपक सिंह बिष्ट, सरपंच बिजेंद्र सिंह, हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि संजय सिंह बजवाल सहित महाविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. अर्चना नौटियाल, एनएनएस सहायक समन्वयक डॉ. अजय रावत, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

## नौगांव में चौपाल लगाकर सीडीओ ने सुनी समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीरोंखाल के नौगांव में शनिवार को सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने रात में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। नौगांव प्रधान एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार रात को सीडीओ ने चौपाल लगाकर कहा कि सरकार द्वारा चलाई जारी योजनाओं को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी आम लोगों तक पहुंचे का काम करें। उन्होनें नौगांव में हुए विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। नौगांव निवासी गजे सिहं कंडारी ने बताया कि वहां मछली पालन का व्यवसाय करने की सोच रहें हैं लेकिन कहीं से भी उन्हें कोई जानकारी नही मिल रही हैं जिस पर सीडीओ ने मत्सय विभाग अधिकारियों को शीघ्र की समस्या का समाधान करने को कहा। इस मौके पर बीडीओ जेएस पयाल, लोनिवि ईई सारस्वत, सीएचसी प्रभारी शैलेन्द्र रावत, पूर्ति निरिक्षक शशीबाला रावत, एडीओ पंचायत सुनील कोटनाला, वीडीओ प्रेम सिहं नेगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** प्रदेश सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर यमकेश्वर विधानसभा के द्वारीखाल ब्लॉक में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रमुख प्रशासक महेंद्र सिंह राणा, कोटद्वार जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि इन तीन वर्षों में सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। कहा कि इन योजनाओं को पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना है तभी हमारा संकल्प पूरा होगा और हम सुशासन की ओर बढ़ेंगे। इस दौरान विभागीय अफसरों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम लैंसडौन शालिनी मौर्य, बीडीओ द्वारीखाल जयकृत सिंह बिष्ट, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र आर्य, मंडल उपाध्यक्ष सुखरो उमेद सिंह बिष्ट आदि शामिल थे।

## वनाग्नि रोकने को बनाई चार सौ किमी फायर लाइन

देहरादून। लगातार तापमान बढ़ने के साथ वनाग्नि की आशंका को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। वन विभाग ने वनाग्नि सहित अन्य सूचनाओं के लिए 1926 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसके अलावा सभी कर्मचारियों को फारेस्ट फायर मोबाइल एप में रजिस्टर भी कराया जा रहा है।

इसके अलावा आड़ा फुकान वाले क्षेत्रों में वनाग्नि रोकने के लिए हर जिले में ओण दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया है। ये जानकारी शनिवार को पीसीसीएफ डा. धनंजय मोहन ने वन मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस साल पिछले तीन सालों के मुकाबले जनवरी से लेकर मार्च तक के डेटा के अनुसार इस बार सबसे कम फायर अलर्ट एफएसआई ने जारी किया। उन्होंने बताया कि चालीस साल बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर प्रदेश में फायर लाइनें बनाई जा रही हैं। जिनमें अब तक करीब चार सौ किमी लंबी फायर लाइनें बनाई जा चुकी हैं। जबकि अगले दो साल में सारी लाइनें पूरी कर ली जाएंगी। एपीसीसीएफ वनाग्नि निशांत वर्मा ने बताया कि वनाग्नि नियंत्रण के लिए चीड़ पिरुल एकत्रीकरण का बढ़ावा देने और स्थानीय जनता को सीधे आजीविका से जोड़ने के लिए पिरुल का मूल्य तीन रुपए प्रतिकिलो से बढ़ाकर दस रुपए प्रति किलो कर दिया गया है। वहीं पिरूल से ब्रिकेट बनाने के लिए वर्तमान में स्थापित पांच पैलेट्स या बिक्रेट्स यूनिटों के साथ सात नई यूनिटें खोलने का काम चल रहा है।

## कर्तिक को मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पाबौ ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौंरखाल में पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए भव्य ग्रेजुएशन डे समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कर्तिक को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कार दिए गए। दक्ष ने दूसरी कक्षा, यशवंत ने तीसरी कक्षा, पवन ने चौथी कक्षा, और देवराज ने पांचवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या नंदा रावत ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौंरखाल हर वर्ष छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुटता जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल में पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण में आमजन के एकजुट होने को महत्व दिया। आयोजित कार्यशाला में पर्यावरणविद्द ललिता प्रसाद ममगाईं ने प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में बताया। प्लास्टिक से पर्यावरण को सबसे अधिक नुकसान पहुंचता है। प्लास्टिक की बोतलों को हम ईंट के रूप में प्रयोग कर सकते हैं, जिससे इसका पर्यावरण पर कोई असर नहीं होगा। मुख्य अतिथि सुयश रावत ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगलों में आग लगने लगती है। जंगलों को आग से बचाने के लिए हमें गंभीरता से कार्य करना होगा। इसमें महिलाएं सबसे बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम संयोजक सुशल भदोला ने पर्यावरण के महत्व के




बारे में बताया। प्रधानाचार्य वंदना तिवारी ने खेतों में रासायनिक उर्वरकों के बजाय जैविक खादों का प्रयोग करने के लिए कहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए। इस मौके पर डा. एचसी पुरोहित, विजेंद्र ध्यानी आदि मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन डा. राजपाल सिंह चौहान ने किया।

## हैकाथान में भाग लेने को किया प्रेरित




नई टिहरी। पुलिस उपाधीक्षक ओशिन जोशी ने टीएचडीसी हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बीपुरम नई टिहरी के प्रशिक्षणार्थियों को आगामी समय में आहुत होने वाली मिनी हैकाथॉन में भाग लेने को प्रेरित किया। कहा कि मिनी हैकाथॉन पुलिस विभाग से जुड़ी वास्तविक समस्याओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और तकनीकी समाधानों की मदद से हल करने पर केंद्रित होगी। हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में डीएसपी जोशी ने छात्रों को पुलिस विभाग में तकनीक के बढ़ते महत्व से रूबरू कराया। कहा कि एआई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से पुलिसिंग को और अधिक स्मार्ट, कुशल और पारदर्शी बनाया जा सकता है। इस हैकाथॉन का उद्देश्य छात्रों को रचनात्मक समाधान विकसित करने का अवसर देना भी है। इससे अपराध नियंत्रण, आपातकालीन प्रतिक्रिया और ट्रैफिक प्रबंधन में प्रभावी सुधार भी हो सकेगा। उन्होंने छात्रों से एआई व्यावहारिक उपयोग, डेटा सुरक्षा और अपराध जांच में तकनीक की भूमिका पर सवाल–जवाब भी किए। जिसका छात्र–छात्राओं ने उत्तर दिया। संस्थान के निदेशक प्रो. एसके प्रधान ने कहा कि एआई में भारत लीड कर सकता है। देश–दुनिया की शीर्ष कंपनियों को अधिकांश भारतीय ही संचालित कर रहे हैं। ऐसे में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज अहम भूमिका निभा सकता है। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुलक्षणा, विवेक कुमार मौजूद थे।

### सुराज सेवा दल ने किया निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रदर्शन

देहरादून। निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सुराज सेवा दल की ओर से गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना दिया गया। सरकार से निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई गई। शनिवार को दल के अध्यक्ष रमेश जोशी की अगुवाई में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांधी पार्क के गेट पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। रमेश जोशी ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। मानकों के खिलाफ स्कूलों की फीस हर साल बढ़ा दी जाती है। कहा कि कई जनप्रतिनिधियों के स्कूलों से सीधे लिंक होने एवं पार्टनरशिप होने की वजह से कार्रवाई नहीं होती और अभिभावक बेहाल है। स्कूल ड्रेस किताबें सब व्यापार बन गए हैं महंगाई दिन पर दिन बड़ रही है।

कहा कि स्कूल व अस्पतालों का निजीकरण तत्काल रोकना चाहिए। कहा तत्काल स्कूलों की मनमानी पर सख्त एक्शन नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कावेरी जोशी, आतिश मिश्रा, बिजेंदर कुणाल, कमल, हिमांशु, निधि, दीपा, मेहरबान, कुर्बान, मोनिका लक्ष्मी आरसी पाल , रविंद्र, शिवम पूजा नेगी अजय नेगी ,, प्रवीण अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल ,भगवान थापा यशस्वी जोशी, योगेश, सोनम, राहुल आदि मौजूद रहे।

## पोखरी के ढामक में आयोजित हुआ बहुउद्देशीय शिविर, 3 शिकायत हुई दर्ज

चमोली। जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को जनता की समस्याओं/शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निस्तारण करने के लिए पोखरी विकास खण्ड के दूरस्थ क्षेत्र राजकीय इण्टर कॉलेज देवीखेत, ढामक में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी आनंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान शिविर में 3 शिकायतें दर्ज की गयी। जिनका प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण किया। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से राज्य सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई।



राजकीय इण्टर कॉलेज देवीखेत, ढामक में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर के दौरान ग्रामीणों ने काफल पानी में पीएमजीएसवाई की ओर से दीवार क्षतिग्रस्त किए जाने तथा संरणाचाई–त्रिशूला मोटर मार्ग पर अनुरक्षण कार्य न किए जाने की शिकायत दर्ज की गई। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता को तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान दर्ज फतेह सिंह म्यांणी के भूमि विवाद को लेकर सीडीओ ने तहसीलदार को मामले की जांच करते हुए शीघ्र उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### नवरात्र में मांस की दुकानें बंद रखने की मांग

देहरादून। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नवरात्रि पर्व पर शहर भर में खुली मास की दुकानों को 9 दिनों के लिए बंद करने की मांग की है। शनिवार को दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। डीएम को एक ज्ञापन भी दिया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रशासन ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चुप्पी साध लेता है,अगर प्रशासन ने इन मांगों को स्वीकार न किया तो बजरंग दल को स्वयं सड़कों पर उतरना पड़ेगा। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी कपिल ने ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि मां कालिका भवन व सिन्दूरिया हनुमान मंदिर जाने के मुख्य मार्ग के मध्य में स्थित खुले मांस की दुकाने व शहर भर में खुली मांस की दुकानें हिंदू आस्था को आहत कर ठेस पहुंचा रही है। उन्होंने मांग की कि नवरात्र के साथ ही हर मंगलवार को मांस की दुकानें बंद रखी जाएं।

# राज्यपाल ने किया विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने प्रत्येक व्यक्ति से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक उपभोक्ता भी होता है, और उसे अपने अधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति पूरी तरह से जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के बारे में अज्ञानता शोषण का कारण बन सकती है इसलिए उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है।

राज्यपाल ने कहा कि उपभोक्ता अधिकार दिवस का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं या ग्राहकों को उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उसके अंतर्गत आने वाले कानूनों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मिलावटी सामग्री का वितरण, अधिक दाम वसूलना, बिना मानक वस्तुओं की बिक्री, नाप–तौल में अनियमितता, गारंटी के बाद सर्विस प्रदान नहीं करने के अलावा ग्राहकों के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने और उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण संबंधी जानकारी के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में भारतीय मानक ब्यूरो ने अपनी प्रक्रियाओं को पूरी तरह डिजिटल बना दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऑनलाइन शॉपिंग एक बड़े प्लेटफॉर्म के रूप में



उभरकर सामने आया है। भारतीय मानक ब्यूरो इस दिशा में भी उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करता है। बीआईएस द्वारा जारी किया गया 'बीआईएस केयर ऐप' उपभोक्ताओं के लिए एक बहुत ही सरल और प्रभावी टूल है।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता को विश्व स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मानक और गुणवत्ता उत्कृष्ट होंगे, तभी हमारी वस्तुओं और उत्पादों की मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को भी उपभोग के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों से उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें न केवल स्वयं जागरूक होना है, बल्कि अपने आस–पास के लोगों को भी उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, उप महानिदेशक उत्तरी क्षेत्र बीआईएस स्नेहलता, ब्रिगेडियर के.जी. बहल एवं बीआईएस देहरादून के प्रमुख एवं निदेशक सौरभ तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि./उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं। **सं.: 1. निविदा संख्या और कार्य का विवरण : 1. 01-SNT-LHS-MB-2023-24 :** मुरादाबाद मंडल के Sr.DSTE/Co./MB के सेक्शन में एलएचएस के प्रावधान द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेटों को हटाने के संबंध में एसएंडटी कार्य। **लगभग लागत रुपये :** 59,20,122.62, **अग्रिम धन रुपये:** 1,18,400.00, **निविदा फॉर्म की लागत रु. :** निल, **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय :** 21.04.2025, 15:00 hrs. **| सं.: 2. निविदा संख्या और कार्य का विवरण : 2. 02-SNT-LHS-MB-2023-24 :** मुरादाबाद मंडल के Sr.DSTE/I/MB के सेक्शन में एलएचएस के प्रावधान द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेटों को हटाने के संबंध में एसएंडटी कार्य। **लगभग लागत रुपये :** 1,55,12,193.03, **अग्रिम धन रुपये:** 2,27,600.00, **निविदा फॉर्म की लागत रु. :** निल, **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय :** 21.04.2025, 15:00 hrs. **| सं.: 3. निविदा संख्या और कार्य का विवरण : 3. 10RT-SNT-MB-SMC-ADSTE-HW :** मुरादाबाद डिवीजन में ADSTE/HW के अनुभाग में अनुभागीय रखरखाव अनुबंध के तहत एसएंडटी कार्य। **लगभग लागत रुपये :** 1,24,77,052.06, **अग्रिम धन रुपये:** 2,12,400.00, **निविदा फॉर्म की लागत रु. :** निल, **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय:** 21.04.2025, 15:00 hrs. **| सं.: 4. निविदा संख्या और कार्य का विवरण : 4. 55-AMC-Siemens-EI-MB-24-25 :** सीमेंस के EI का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध मुरादाबाद डिवीजन पर 3 (तीन) वर्षों के लिए कार्य। **लगभग लागत रुपये :** 5,10,71,100.99, **अग्रिम धन रुपये:** 4,05,400.00, **निविदा फॉर्म की लागत रु. :** निल, **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय :** 21.04.2025, 15:00 hrs. **|**
**नोटः** निविदा के पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं.: 01-SNT-LHS-MB-2023-24, 02-SNT-LHS-MB-2023-24, SNT-MB-SSMC, AMC-Siemens-EI दिनांक: 28.03.2025** **983/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

**निविदा सूचना संख्या : 1–जे.टी.बी.एस.–पॉलिसी–2006–पार्ट–।।** **दिनांक : 28.03.2025**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उ.रे., मुरादाबाद, भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक व्यक्तियों से जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक हेतु आवेदन पत्र महत्वपूर्ण शहरो के विभिन्न भागो में जे.टी.बी.एस. के चयन हेतू आवेदन आमंत्रित करते है।

| मुरादाबाद मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों के लिए "जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं– | कार्यकाल | आवदेन प्रपत्र का मूल्य | स्थान का नाम व पता जहां से आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। | आवेदन पत्र जमा करने का समय एवं तिथि तथा आवेदन खुलने की तिथि एवं समय | रेलवे की वेबसाइट का नाम जिसमें पूर्ण नियम व शर्तें तथा आवेदन का प्रारूप पत्र पर देखा व डाउन लोड किया जा सके। |
|---|---|---|---|---|---|
| बरेली-17, हरिद्वार-17, देहरादून-10, मुरादाबाद-15, हापुड-14, शाहजहाँपुर-13, हरदोई-10, चन्दौसी-10, रूडकी-9, रामपुर-18, ऋषिकेश-5, नजीबाबाद-5, लक्सर-5, अमरोहा-11, रायवाला-2, पिलखुआ-3, बालामऊ-1 संडीला-2, गजरौला-5, धामपुर-2, चॉदपुर स्याऊ-2, ज्वालापुर-2, सीतापुरसिटी-1, पीताम्बरपुर-2, राजाका सहसपुर-2, तिलहर–2, कोटद्वार-5, बुलंदशहर-2, बबराला-2, बिजनौर-3, नगीना–2, गढ़मुक्तेश्वर-2, स्योहरा-2, रोजा-2, कॉठ-2, हल्दौर-2, मोतीचूर-2, मौज्जमपुरनारायण-2, कटघर-2, माधौगंज-2, बॉगरमऊ-2, खुर्जासिटी-2, मंडीधनौरा-2, दबतरा-2, ऑझीशाहबाद-.2. राजघाटनरौरा-2, आसफपुर-2, विशारतगंज-2, मल्लॉवा-2, अतरौली रोड-2, डिबाई-2, हकीमपुर-2, नैमिषारण्य–2, ऑवला–2 | 03 वर्ष | प्रत्येक स्टेशन के लिए आवेदन का मूल्य रु. 295/– | वाणिज्य शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उ.रे. मुरादाबाद | आवेदन फार्म को जमा करने की तिथि 29.04.2025 खुलने की तिथि उसी दिन 15:00 बजे | www.nr.indianrailways.gov.in प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक उ.रे. मुरादाबाद का कार्यालय का सूचनापट |

**965/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदू भगवान उत्सव दिवस मनाने की पैरवी

देहरादून। राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने सदन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदू भगवान,अवतारों व देवी– देवताओं पर उत्सव दिवस मनाने की पैरवी की। उन्होंने सदन में यह मांग उठाते हुए संयुक्त राष्ट्र संगठन को यह प्रस्ताव भेजे जाने की वकालत की। बंसल ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व कुशल नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और दुनियाभर में अपनी सनातन पहचान बिखेर रहा है। कहा कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जीवों,अवधारणा, प्रसिद्ध लोगों और धार्मिक कारकों के लिए कई दिन और सप्ताह मनाए जाते हैं। ये सभी दिन संयुक्त राष्ट्र संगठन की तरफ से अनुमोदित हैं। उन्होंने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदू भगवान,अवतारों ,देवी–देवताओं पर उत्सव दिवस मनाने के लिए आवेदन करना होगा। हिंदू धर्म में भगवान (ईश्वर) की कई प्रसिद्ध जन्म तिथियां हैं, जैसे श्री नरसिहं जयंती,श्री राम नवमी,श्री कृष्ण जन्माष्टमी,श्री हनुमान जयंती आदि।

### सिटी बस संचालकों को न्यायालय से मिली राहत

देहरादून। दून शहर में चलने वाली सिटी संचालकों को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। राज्य परिवहन अपीलीय न्यायधिकरण ने आरटीओ के बसों पर जुर्माना और परमिट सस्पेंड करने के आठ साल पुराने आदेश को खारिज कर दिया है। बस संचालकों ने कोर्ट के आदेश का स्वागत कर खुशी जताई है। स्टेज कैरिज परमिट वाली सिटी बसों के रूटों पर ठेका परमिट वाहनों के संचालन के विरोध में सिटी बस संचालकों ने वर्ष 2017 में पांच दिन की हड़ताल की थी। तत्कालिन आरटीओ ने हड़ताल में शामिल बसों पर धारा–86 की कार्रवाई कर दी थी।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com